https://www.mpboardonline.com

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा - 2020-21

## कक्षा-11वीं

समय-3 घंटे　　　　विषय- हिन्दी　　　　पूर्णांक-80

निर्देश:-1. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक (1x4x5=20) निर्धारित है। 2. प्रश्न क्रमांक 6 से 14 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के लिए दो-दो अंक निर्धारित है। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है। 3. प्रश्न क्रमांक 15 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन-तीन अंक निर्धारित है। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है। 4. प्रश्न क्रमांक 20 एवं 24 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार- चार अंक निर्धारित है। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है। 5. प्रश्न क्रमांक 25 के लिए (5+2)=7 अंक का निर्धारित है। शब्द सीमा लगभग 200 शब्द है।

प्रश्न 1-सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए:-　　　　1X4=4

(1) कबीर ने कुम्हार को किसका प्रतीक माना है?

(अ) राजा का　(ब) ईश्वर का　(स) पिता का　(द) मित्र का।

(2) 'नमक के बोरों से भरी गाड़ियाँ किसकी थी?

(अ) पं. अलोपीदीन (ब) बंशीधर　(स) बदलू सिंह　(द) मुख्तार सिंह।

(3) चित्रपट - संगीत का पर्याय कहा गया है-

(अ) नूरजहाँ को　(ब) आशा भोसले को

(स) लता मंगेशकर को　(द) कविता कृष्णमूर्ति को।

(4) "गागर मे सागर भरना" मुहावरें का अर्थ है-

(अ) गागर भरना　(ब) सागर भरना

(स) कम शब्दों में अधिक बात कहना (द) पुरानी बातें याद करना।

प्रश्न 2- रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:-　　　　1X4=4

(1) मीरा ने.......के जल से सींचकर प्रेम-बेल को बोया है। (आँसुओं/कुएँ)

(2) नानबाइयों के मसीहा............कौन थे? (मियाँ रहमत/मियाँ नसीरूधीन)

(3) कुँई की खुदाई और चिनाई का काम ............कहलाता है। (चेजा/खड़िया)

(4) धनराम पूरे दिन घोटा लगाने पर .......का पहाड़ा याद नहीं कर पाया। (तेरह/चौदह)

प्रश्न 3- सत्य/असत्य लिखिए:-　　　　1X4=4

(1) धनराम कुशाग्र बुद्धि का बालक था।

(2) दोहा और रोला मिलकर कुण्डलियाँ छन्द बनता है।

(3) मुहावरें पूर्ण वाक्य न होकर वाक्यांश होते है।

(4) डायरी हमारी सबसे अच्छी मित्र है।

https://www.mpboardonline.com
https://www.mpboardonline.com
https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

प्रश्न 4- सही जोड़ी बनाइये:- 1X4=4

| (क) | (ख) |
|---|---|
| (i) कम खर्च करने वाला | (1) ओज, प्रसाद, माधुर्य |
| (ii) पट का अर्थ | (2) चार |
| (iii) रस के अंग | (3) मितव्ययी |
| (iv) शब्द गुण | (4) परदा |

प्रश्न 5-एक वाक्य / शब्द में उत्तर दीजिए:- 1X4=4

(1) मानव शरीर का निर्माण किन पंचतत्वों से हुआ है?

(2) मीरा 'कृष्ण की प्रीति' रूपी दूध को किससे मथना चाहती है?

(3) संगीत कब नीरस होगा?

(4) पटकथा की मूल इकाई क्या होती है?

प्रश्न 6- कबीर ने अपने को दीवाना क्यों कहा है? 2

अथवा लोग मीरा को बावरी क्यों कहते है?

प्रश्न 7- मीरा ने "सहज मिले अविनासी" क्यों कहा है? 2

अथवा कबीरदास जी ने किस प्रकार आत्मा को अविनाशी सिद्ध किया है?

प्रश्न 8- कबीर परमात्मा के विषय में क्या कहते है? 2

अथवा मीरा कृष्ण की उपासना किस रूप में करती है? वह रूप कैसा है?

प्रश्न 9- लेखिका मियाँ नसीरूद्दीन के पास क्यों गई थी? 2

अथवा लेखक प्रेमचंद ने मासिक वेतन को पूर्णमासी का चाँद क्यों कहा है?

प्रश्न 10- धनराम मोहन को अपना प्रतिद्वंद्वी क्यों नहीं समझता था? 2

अथवा वंशीधर के पिता वंशीधर को कैसी नौकरी दिलाना चाहते थे?

प्रश्न 11- मियाँ नसीरूद्दीन सच्ची तालीम किसे मानते है? 2

अथवा मोहन की स्कूली शिक्षा कैसी हुई?

प्रश्न 12-राजस्थान में कुँई किसे कहते है? 2

अथवा शास्त्रीय तथा चित्रपट - संगीत में क्या अंतर है?

प्रश्न 13- शब्द गुण किसे कहते है? वे कितने प्रकार के होते हे नाम लिखिए 2

अथवा शब्द शक्ति किसे कहते है? शब्द शक्ति कितने प्रकार की होती है नाम लिखिए।

प्रश्न 14- निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए- 2

(क) मैं आपको मिलकर प्रसन्न हुआ।

(ख) स्त्री शिक्षा पर निवेदिता का विचार स्पष्ट कीजिए।

अथवा

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए-

(क) जिसे बहुत कम ज्ञान हो। (ख) रास्ता दिखाने वाला।

प्रश्न 15- पालर पानी, पातालपानी तथा रेजाणीपानी के बारे में आप क्या जानते है?3

अथवा लताजी की गायकी की कौन - कौन सी विशेषताएँ आपको प्रभावित करती है? लिखे

प्रश्न 16-डायरी लेखन से आप क्या समझते है? डायरी लेखन की प्रमुख विशेषताओं प्र प्रकाश डालिए। अथवा 3

'पटकथा' शब्द से आप क्या समझते है ? पटकथा के स्त्रोत क्या है ?तथा नाट और पटकथा के दृश्यों में क्या अंतर है?

प्रश्न 17-राजभाषा और राष्ट्रभाषा में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3

अथवा "परहित सरिस धर्म नहीं भाई" पंक्ति का भाव विस्तार कीजिए।

प्रश्न 18- सन्देह अलंकार को उदाहरण सहित समझाइए। 3

अथवा भ्रांतिमान अलंकार को उदाहरण देते हुए समझाइए।

प्रश्न 19- निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

"स्वार्थ और परमार्थ मानव की दो प्रवृत्तियाँ है। हम अधिकतर सभी कार्य अप लिए करते है 'पर' के लिए सर्वस्व बलिदान करना ही सच्ची मानवता है। यही धर्म है, य पुण्य है। इसे ही परोपकार कहते है। प्रकृति हमे निरन्तर परोपकार का सन्देश देती है। न दूसरो के लिए बहती है। वृक्ष मनुष्यों को छाया तथा फल देने के लिए ही धूप आँधी, व और तूफान में अपना सब कुछ बलिदान कर देते है।"

(क) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए। (ख) सच्ची मानवता क्या है

(ग) वृक्ष हमें परोपकार का सन्देश कैसे देते है?

प्रश्न 20- कबीरदास जी अथवा मीराबाई की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं आधार पर लिखिए- 4

(अ) दो रचनाएँ (ब) भावपक्ष - कलापक्ष (स) साहित्य में स्थान।

प्रश्न 21- मुंशी प्रेमचंद अथवा शेखरजोशी की साहित्यिक विशेषताएं निम्नलिखित बिंदुओं आधार पर लिखिए। 4

(अ) दो रचनाएँ (ब) भाषा -शैली (स) साहित्य में स्थान।

प्रश्न 22-निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। 4

"हम तौ एक एक करि जाना।
दोइ कहै तिनहीं कौ दोजग जिन नाहिंन पहिचांना।
एकै पवन एक ही पानीं एकै जोति समाना।
एकै खाक गढ़े सब भाँड़े एकै कोंहरा साँना।।
जैसे बाढ़ी काष्ट ही काटै अगिनि न काटै कोई।

https://www.mpboardonline.com